उप क्षेत्रीय कार्यालय
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
SUB REGIONAL OFFICE
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, **Govt. of India**)
क.रा.बी.नि.
ESIC
सत्यमेव जयते

1/3 व 1/4, पाल लिंक रोड़, जोधपुर-342008
1/3 & 1/4, Pal Link Road, Jodhpur-342008
Phone: 0291-2945023/24/25
Email: sro-jodhpur@esic.nic.in
Website: www.esic.nic.in / www.esic.in

क्रमांक: जेड-11012/44/2022-पीआर — दिनांक 02.10.2022

# प्रेस विज्ञप्ति

**बाड़मेर जिले में कर्मचारी राज्य बीमा निगम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के दो शाखा कार्यालयों का उद्घाटन।**

**श्री अशोक कुमार रावत, क्षेत्रीय निदेशक**, कर्मचारी राज्य बीमा निगम(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार), क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर के कर कमलों द्वारा दिनांक 02.10.2022 को **शाखा कार्यालय, बालोतरा** एवं **शाखा कार्यालय, बाड़मेर** का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर श्री राजेन्द्र कुमार मीणा, उप निदेशक, श्री रमेश राय, उप निदेशक, उपक्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर एवं श्री नरेश कुमार, शाखा प्रबंधक, शाखा कार्यालय, बालोतरा उपस्थित रहे।

दोनों शाखा कार्यालयों के संचालित होने से बालोतरा व जालौर क्षेत्र एवं बाड़मेर व जैसलमेर क्षेत्र के बीमीतों को नकद लाभ सहित अन्य हितलाभ मामलों का निस्तारण आसानी से हो पायेगा।

ईएसआईसी श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत एक अग्रणी सामाजिक सुरक्षा संगठन है जो व्यापक सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करता है जैसे कि उचित चिकित्सा देखभाल और आवश्यकता के समय में नकद लाभ की एक श्रृंखला जैसे कि रोजगार की चोट, बीमारी, मृत्यु इत्यादि। ईएसआई योजना पूरी तरह राजस्थान राज्य के सभी जिलों में लागू है वर्तमान में उपक्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर के अंतर्गत 6 शाखा कार्यालय एवं 2 डीसीबीओ संचालित है।

************